# भजनलाल सरकार का 18 माह का कार्यकाल जनसेवा, सुशासन और विकास का स्वर्णिम अध्याय : राठौड़

## कांग्रेस की पहचान भ्रष्टाचार की जननी के रूप में, भाजपा सदैव जनसेवा और पारदर्शिता के मार्ग पर बढ़ा रही है कदम : मदन राठौड़


भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अंता प्रवास के दौरान प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शनिवार को अंता प्रवास के दौरान प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के 18 महीनों का कार्यकाल जनसेवा, सुशासन और विकास का स्वर्णिम अध्याय सिद्ध हुआ है। भाजपा सरकार ने गरीब, किसान, महिला और युवा सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए अभूतपूर्व निर्णय लिए हैं तथा महज डेढ़ वर्ष में कार्यकाल में विकास की नई मिसाल कायम की है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नेतृत्व में हुए विकास कार्य आज भी जनस्मृति में हैं। उनके कार्यकाल में भामाशाह योजना, राजश्री योजना, अन्नपूर्णा रसोई योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गईं। इसके साथ ही युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट प्रोठााम, आई-स्मार्ट केंद्र तथा भामाशाह टेक्नो हब जैसे नवाचार स्थापित किए गए। प्राकृतिक आपदाओं के समय किसानों का हजारों करोड़ रुपए का ऋण माफ कर भाजपा सरकार ने अन्नदाताओं को राहत दी थी। वर्तमान भजनलाल शर्मा सरकार ने गरीबों के हित में कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। सरकार ने खाद्य सुरक्षा योजना में 65 लाख नए पात्र लाभार्थियों को जोड़ा है, लाडो प्रोत्साहन योजना में आर्थिक सहायता राशि बढ़ाने का ऐतिहासिक कार्य किया। अन्नपूर्णा रसोई में भोजन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में सुधार किया गया। 24,976 करोड़ की लागत से 36,140 किमी सड़कों का निर्माण कर ठाामीण व शहरी क्षेत्रों को जोड़ा गया। शिक्षा के क्षेत्र में 71 नए महाविद्यालयों की स्थापना की गई तथा 91,000 युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गईं, वहीं 1.5 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रगति पर है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि किसानों के लिए राम जलसेतु लिंक परियोजना तथा हरियाणा के साथ यमुना जल उपयोग समझौता राज्य के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। बिजली और कृषि क्षेत्र में अनेक कार्य किए गए हैं। किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी, फसल बीमा क्लेम भुगतान तथा 9 लाख पशुपालकों को पशु बीमा योजना में पंजीकरण इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में भजनलाल सरकार ने 11 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है।

भाजपा और कांठोस सरकारों के कार्यकाल की तुलना जनता को स्वयं धरातल पर करनी चाहिए। हर क्षेत्र में भाजपा सरकार आगे है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और सेवा भावना का परिणाम है। भाजपा सरकार का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं बल्कि जनसेवा है, और हर निर्णय जनता के कल्याण को समर्पित है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि क्षेत्रीय विकास में सांसद दुष्यंत सिंह का योगदान उल्लेखनीय है। उन्होंने अंता, नागदा, बलदेवपुरा, सोनवा व सायगढ़ पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 150 गांवों में पेयजल संकट का समाधान किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़कों के क्षेत्र में भी उनका कार्य सराहनीय रहा है, जिसके कारण जनता ने उन्हें लगातार पांचवीं बार लोकसभा में भेजा है। राठौड़ ने कहा कि अंता-मांगरोल क्षेत्र के लिए भाजपा ने मोरपाल सुमन जैसे स्वच्छ और ईमानदार छवि वाले व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया है। वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं और अनेक मुकदमे दर्ज हैं। कांग्रेस का इतिहास भ्रष्टाचार की जननी के रूप में रहा है, जबकि भाजपा सदैव जनसेवा और पारदर्शिता के मार्ग पर चलती रही है।

पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पूरे पांच वर्ष होटलों में कैद रहकर अपनी कुर्सी बचाने में जुटे रहे, जिससे जनता के विकास कार्य ठप हो गए। ईआरसीपी जैसी भागीरथी योजना को रोककर कांठोस ने प्रदेश के हितों के साथ अन्याय किया। सत्ता मोह में गहलोत ने अपने ही उपमुख्यमंत्री को नकारा और निकम्मा तक कह डाला, जो उनकी कार्यशैली का प्रतीक है।

पेपर लीक मामले पर बोलते हुए राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए एसआईटी का गठन किया है, जो रोजाना पेपर माफियाओं को जेल की सलाखों के पीछे भेज रही है। भाजपा जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करते हुए राजस्थान को पुनः शुद्ध शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। कांठोस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संघ पर प्रतिबंध लगाने वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राठौड़ ने कहा कि खड़गे उसी पार्टी के मुखिया हैं जो सेना के शौर्य पर सवाल उठाते हैं और सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगती है।

# 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना को साकार कर रही राज्य सरकार

- 7.34 लाख के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 8.90 लाख से अधिक नए सदस्य बनाये गए
- 1,342 सहकारी समितियों में गोदाम निर्माण के लिए हुआ भूमि का चिन्हीकरण
- 1,706 ग्राम पंचायतों में पैक्स गठन के लिए सर्वे की कार्यवाही पूर्ण
- 'सहकार सदस्यता अभियान' से राज्य में मजबूत हुआ सहकारिता का नेटवर्क

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना को साकार करने में देश के अठाणी राज्यों में शुमार है। राज्य में सहकारिता का नेटवर्क जमीनी स्तर तक मजबूत कर आमजन को अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित करने के निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अक्टूबर माह में आयोजित किया गया 'सहकार सदस्यता अभियान' राज्य में सहकार आंदोलन को नई ऊंचाइयां देने की दिशा में अहम कड़ी साबित हुआ है।

'सहकार सदस्यता अभियान' की अवधि पूर्व में 2 से 15 अक्टूबर तक निर्धारित की गई थी, जिसे आशाजनक परिणामों के फलस्वरूप बाद में 22 अक्टूबर तक बढ़ाया गया। अभियान के अंतर्गत लगभग 8,500 पैक्स के स्तर पर शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से 5 प्रकार की गतिविधियां आयोजित कर उनमें आशानुरूप परिणाम प्राप्त किये गए। युवाओं एवं महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में सहकारिता से जोड़ना अभियान के अंतर्गत सबसे प्रमुख गतिविधि थी। इस दिशा में बेहतरीन कार्य करते हुए अभियान की अवधि में सहकारी समितियों के 8.90 लाख से अधिक नए सदस्य बनाए गए। यह निर्धारित लक्ष्य 7.34 लाख की तुलना में लगभग 21.25 प्रतिशत अधिक है। अभियान के अंतर्गत जयपुर संभाग में 1.25 लाख नये सदस्य बनाये जाने का लक्ष्य था, जिसकी तुलना में 2.03 लाख सदस्य बनाये गए। उदयपुर संभाग में 1.01 लाख सदस्यों के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 1.30 लाख नये सदस्य बनाये गए। अजमेर संभाग में 1.15 लाख सदस्यों के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 1.22 लाख नये सदस्य बनाये गए। जबकि, बीकानेर संभाग में 99 हजार के लक्ष्य की तुलना में 1.19 लाख सदस्य बनाये गए। इसी प्रकार, कोटा संभाग में 53 हजार के लक्ष्य की तुलना में लगभग 68 हजार एवं भरतपुर संभाग में 74 हजार के लक्ष्य के मुकाबले लगभग 95 हजार नये सदस्य बनाये गए। जोधपुर संभाग में 1.53 लाख नये सदस्य बनाये गए। अभियान अवधि के दौरान पैक्सविहीन ठााम पंचायतों में नवीन पैक्स गठन की कार्यवाही के तहत 1,706 ठााम पंचायतों में सर्वे की कार्यवाही पूर्ण की गई। इस दौरान 1,296 पैक्स हेतु जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जबकि, 1275 पैक्स के गठन हेतु प्रस्ताव विभाग को प्राप्त हुए। इस दौरान भूमिविहीन या अपर्याप्त भूमि वाली 1,342 सहकारी समितियों में गोदाम निर्माण हेतु भूमि का चिन्हीकरण किया गया तथा 1,215 सहकारी समितियों द्वारा भूमि आवंटन के लिए आवेदन किया गया।'सहकार सदस्यता अभियान' के अंतर्गत पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लम्बित आवेदनों में से 38 हजार 850 कृषकों की आधार सीडिंग व 27 हजार 640 कृषकों की ई-केवाईसी का कार्य भी पूर्ण किया गया। साथ ही, इस दौरान 11 लाख से अधिक लोगों को प्रस्तावित नवीन सहकारी कानून के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी प्रदान गई।

'सहकार सदस्यता अभियान' के अंतर्गत बड़ी संख्या में युवाओं एवं महिलाओं के सहकारी समितियों से जुड़ने से राज्य में जमीनी स्तर पर पर सहकारिता का नेटवर्क और अधिक मजबूत हुआ है, जिससे अधिक लोगों तक सुचारू रूप से जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी। पैक्सविहीन ठााम पंचायतों में नवीन पैक्स के गठन से जमीनी स्तर पर सहकारिता का व्यापक नेटवर्क होगा, जिसका किसानों व ठाामीणों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा। भूमिविहीन समितियों को भूमि आवंटन हो जाने से इन समितियों में गोदाम के निर्माण की राह प्रशस्त होगी, जिससे राज्य की भण्डारण क्षमता में आशातीत वृद्धि होगी। आधार सीडिंग और ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण होने से किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना सुचारू रूप से लाभ मिल पाएगा। जबकि, प्रस्तावित नवीन को-ऑपरेटिव कोड के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी आमजन के लिए उपयोगी साबित होगी। अभियान के बाद भी निरन्तर फॉलो अप करते हुए इन कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# 1100 सिद्ध श्री महालक्ष्मी यंत्रों की दिव्य यात्रा सम्पन्न

**जयपुर।** अयोध्या धाम के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में शनिवार को 1100 सिद्ध श्री महालक्ष्मी यंत्रों का पूजन संत अमरनाथ महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ।

यंत्रों को सिर पर धारण कर श्रीराम मंदिर की परिक्रमा की गई। मंदिर के गर्भ गृह में राम लला के श्रीचरणों में यंत्रों को स्थापित किए गए। गर्भ गृह में प्रभु श्रीरामजी को हनुमान चालीसा सुनाई गई। विश्व हिंदू परिषद के गोपाल नागरकट्टे और संत अमरनाथ महाराज ने श्रीराम मंदिर स्थित यज्ञशाला में हवन में आहुतियां प्रदान की। पुजारियों ने यंत्रों को श्रीराम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित कर विशेष वैदिक विधि-विधान से पूजन किया।

श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय को प्रथम सिद्ध श्री महालक्ष्मी यंत्र भेंट किया गया। 1100 सिद्ध यंत्र देशभर के सहयोगियों एवं कार्यकर्ताओं को भेंट किए जाएंगे।इस अवसर पर संतोष कुमार साहू, महेश बम्ब, कैलाश कुमावत, अनुज कुमावत, पूर्व डीजीपी गोपाललाल मीणा, मुकेश शर्मा सहित अनेकों श्रद्धालु उपस्थित रहे। हनुमानगढ़ी मंदिर में भी यंत्रों का पूजन और परिक्रमा की गई।

# पीएम-कुसुम में एक ही दिन में 5 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित

**जयपुर।** पीएम-कुसुम योजना के कम्पोनेंट-सी के अन्तर्गत जयपुर डिस्कॉम में शुक्रवार को एक ही दिन में 5 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए। कुल 9.28 मेगावाट क्षमता के इन विकेन्द्रित लघु सौर ऊर्जा संयंत्रों के माध्यम से संबंधित 33/11 केवी सब स्टेशन क्षेत्रों में आने वाले 1314 कृषि उपभोक्ताओं को दिन में बिजली मिल सकेगी।

उल्लेखनीय है कि कुसुम योजना के कम्पानेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी में जयपुर डिस्कॉम में अब तक कुल 237 मेगावाट क्षमता के 121 प्लांट कार्यशील किए जा चुके हैं। जिनसे 24,208 किसानों को कृषि कार्य के लिए दिन में बिजली मिल रही है। सुनेल (झालावाड़) में 4.06 मेगावाट, पीपलू (टोंक) में 0.83 मेगावाट, ब्रह्मबाद (भरतपुर) में 2.29 मेगावाट, राडावास (जयपुर जिला सर्किल उत्तर) में 1.25 मेगावाट तथा देवली (टोंक) में 0.85 मेगावाट प्रदेश के जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण निगमों में कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी में अब तक कुल 2170 मेगावाट क्षमता के 1018 सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। जिनसे 1 लाख 33 हजार से अधिक किसानों को दिन में बिजली देना संभव हो रहा है।

इनमें तीन-चौथाई से भी अधिक 780 संयंत्र तो अकेले जोधपुर डिस्कॉम में स्थापित हुए हैं। जिनकी क्षमता 1766 मेगावाट है। इसी प्रकार अजमेर डिस्कॉम में 168 मेगावाट के 117 संयंत्र कार्यशील किए जा चुके हैं। जोधपुर विद्युत वितरण निगम में इन प्लांटों के अधिक स्थापित होने के पीछे आवश्यक अनुपजाऊ भूमि की उपलब्धता का होना महत्वपूर्ण कारण है।

# श्याम मंदिरों में मनाया खाटूनरेश का पाटोत्सव

**जयपुर।** देवउठनी एकादशी पर शनिवार को खाटू श्याम जी मंदिर का पाटोत्सव छोटीकाशी में श्याम प्रभु के जन्मोत्सव के रूप में श्रद्धाभाव से मनाया यगा। श्याम मंदिरों में अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई तथा श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार कर झांकियां सजाई गईं। भजन संध्या में कलाकारों ने भजनों की मधुर अमृतधारा प्रवाहित की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

श्याम सेवी संगठनों की ओर से भक्ति के साथ मानवता की सेवा का संदेश भी दिया गया। रामगंज बाजार कांवटियों का खुर्रा स्थित श्याम प्राचीन मंदिर में महंत पं. लोकेश मिश्रा के सान्निध्य में श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार कर अखंड ज्योति जलाई गई। भक्तों ने भक्तिभाव से लखदातार का गुणगान किया।

# शांतिकुंज हरिद्वार से प्रशिक्षण लेकर लौटी बेटियां


चार दिवसीय कन्या कौशल प्रशिक्षण शिविर में राजस्थान की 300 की बेटियां प्रशिक्षण लेकर जयपुर लौटी

**जयपुर।** युग तीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार में आयोजित चार दिवसीय कन्या कौशल प्रशिक्षण शिविर में राजस्थान की 300 की बेटियां प्रशिक्षण लेकर जयपुर लौट आई हैं। इनमें जयपुर से 50 कन्याएं और 30 प्रशिक्षिकाएं शामिल हैं। बेटियों को संबोधित करते हुए गायत्री विद्यापीठ की व्यवस्था मण्डल की प्रमुख शैफाली पण्ड्या ने कहा कि जब इंसान अपनी सोच को घर तक सीमित रखता है, तब समस्याएं भी सीमित रहती हैं और जब वह समाज के प्रति जागरूक होता है, तभी उसकी सोच व्यापक बनती है। उन्होंने कहा कि साठ के दशक में ही आचार्य पं. श्रीराम शर्मा तथा माता भगवती देवी शर्मा ने नारी जागरण आंदोलन की शुरुआत की, तब से नारियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में कार्य किया जा रहा है।शांतिकुंज महिला मण्डल की प्रमुख शैफाली पण्ड्या ने कहा कि आज आवश्यक हो गया है कि हर नारी अपनी संस्कृति और पहचान को बनाए रखें तथा आने वाली पीढ़ी को भी संस्कारवान बनाएं।

# देव उठनी एकादशी आज

**जयपुर।** चातुर्मास के चार माह में क्षीर सागर में योग निद्रा में लीन जगत के पालनहार श्री श्रीहरि भगवान विष्णु कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर ब्रह्म मुहूर्त में जाग्रत होंगे। देवालयों में शंख-घंटा-घड़ियाल बजाकर उतिष्ठ उतिष्ठ गोविंदों...मंत्र के साथ जगाया जाएगा। इसके बाद गुनगुने जल से अभिषेक कर पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। मुख्य आयोजन आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में होगा।

मंगला झांकी के बाद देवउठनी एकादशी पूजन होगा। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। देवउठनी एकादशी के विशेष पूजन के बाद धूप झांकी खोली जाएगी। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचेंगे। दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए निर्जला एकादशी एवं दीपावली उत्सव की भांति विशेष दर्शन व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के कारण दर्शन का समय बढ़ाया गया है। मंगला और शयन झांकी का समय अधिक बढ़ाया गया है। श्रद्धालुओं को ठाकुरजी के दर्शन करने में किसी प्रकार की परेशानी न इसके लिए पुलिस और मंदिर प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था में परिवर्तन किया है।

दर्शनार्थियों का प्रवेश केवल मंदिर मुख्य द्वार से होगा। जय निवास बाग से प्रवेश पूर्णतः निषेध रहेगा। मंदिर परिसर में जूता-चप्पल खोलने की कोई व्यवस्था नहीं होगी। दर्शनार्थियों के लिए दो अलग-अलग लाइनें रहेंगी। जूता-चप्पल सहित भक्तगण बाहर बने रैंप से दर्शन कर सकेंगे। बिना जूता-चप्पल वाले भक्तगण मंदिर छावन में दर्शन कर सकेंगे। भक्त दर्शन कर बड़ी परिक्रमा करते हुए मंदिर मुख्य द्वार से निकास करेंगे।कंवर नगर और ब्रह्मपुरी से आने वाले भक्त जय निवास उद्यान, जनता मार्केट से होते हुए मुख्य द्वार से प्रवेश कर श्री चिंताहरण हनुमानजी मार्ग से निकास करेंगे। यह व्यवस्था 2 नवम्बर को मंगला से शयन झांकी तक प्रभावी रहेगी। निःशुल्क जूता घर बंद रहेगा।

मंगला दर्शन प्रातः 04:00 से 05:30 बजे तक देवउठनी एकादशी पूजन प्रातः 06:15 बजे से (इस अवधि में ठाकुर श्रीजी दर्शन पट मंगल रहेंगे)

धूप दर्शन प्रातः 07:30 से 09:00 बजे तक श्रृंगार दर्शन प्रातः 09:30 से 10:15 बजे तक राजभोग दर्शन प्रातः 10:45 से 11:45 बजे तकग्वाल झांकी शाम 04:30 से 05:15 बजे तकसंध्या झांकी शाम 05:45 से 07:30 बजे तकशयन झांकी रात्रि 08: 00 से 08: 30 बजे तक

# दहेज की मांग से परेशान, विवाहिता ने की फंदे से लटक कर दी जान

**जयपुर।** जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में एक विवाहिता ने पति से हुई मामूली कहासुनी के बाद फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पति ने अपनी पत्नी को बचाने के लिए काफी मशक्त के बाद दरवाजे को धक्का देकर खोला। लेकिन संगीता फंदे से झूलती मिली। पड़ोसियों की मदद से पति ने दरवाजा तोड़ शव को नीचे उतारा। जब तक विवाहिता ने दम तोड़ दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची ने शव को अपने कब्जे में लिए और पोस्टमार्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया।

थानाधिकारी राजेश शर्मा ने बताया दिल्ली निवासी संगीता बैरवा (30) की शादी मार्च -2022 में जयसिंहपुरा निवासी दीपक से हुई थी। दीपक डेढ़ साल की बेटी के साथ रहता था और मजदूरी कर अपना जीवन व्यापन कर रहा था। दीपक ओर संगीता की घरेलू बात को लेकर मामूली सी कहासुनी हो गई। जिसके बाद संगीता आवेश में आकर कमरे में गई और अंदर से दरवाजा बंद कर फंद से लटक गई। जब दीपक ने गेट का दरवाजा खटखटाया तो संगीता ने गेट नहीं खोला। काफी प्रयास के बाद दीपक ने गेट को धक्का देकर खोला तो संगीता फंदे से झूलती हुई मिली। जिसके बाद दीपक ने पड़ोसियों की मदद से संगीता को नीचे उतारा । अचेत अवस्था में परिजन उसे सवाई मानसिंह अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# जय निवास उद्यान में श्री विष्णु गायत्री महायज्ञ आज

**जयपुर।** कार्तिक शुक्ल एकादशी रविवार, दो नंबवर को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर के पीछे स्थित जय निवास उद्यान में 9 से 11 बजे तक पंच कुंडीय निशुल्क श्री विष्णु गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

घर में सुख-शांति, विवाह बंधने में बंधने वाले युवक-युवतियों के सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए होने वाले श्री विष्णु गायत्री महायज्ञ में आहुतियां प्रदान की जाएगी। यज्ञ का संचालन गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली करेगी।

# मांगलिक कार्य शुरू

**जयपुर।** सुबह सूर्योदय के बाद एकादशी तिथि लगने के साथ ही देव उठनी ग्यारस पर शनिवार से ही मांगलिक आयोजन प्रारंभ हो गए। चार माह बाद राजधानी में विवाह, गृहप्रवेश, यज्ञोपवीत, नामकरण एवं नए प्रतिष्ठानों के उद्घाटन जैसे कार्यों की धूम रही। शाम को विवाह स्थलों पर शहनाई की धुन सुनाई दी। देवउठनी एकादशी पर बड़ी संख्या में विवाह हुए। शाम को बैंड बाजा बारात की धूम रही। बारातों के कारण मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बन गई। वहीं, दो स्थानों पर आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलनों में 36 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर नवजीवन का शुभारंभ किया।श्री नामदेव छीपा समाज सेवा समिति, सांगानेर के तत्वावधान में आयोजित समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन मिथिलाशरण सत्संग भवन, सांगानेर में संपन्न हुआ।

# अलका सक्सेना की पुस्तक 'अब जब बात निकली है' का विमोचन


'पुस्तक अब जब बात निकली है' का विमोचन झालाना डूंगरी स्थित राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति, जयपुर के सभागार में संपन्न हुआ।

- जनसम्पर्क केवल पुस्तकों तक सीमित ज्ञान नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला है

**जयपुर।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की पूर्व अतिरिक्त निदेशक और लेखिका अलका सक्सेना की पुस्तक अब जब बात निकली है का विमोचन शनिवार को झालाना डूंगरी स्थित राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति, जयपुर के सभागार में संपन्न हुआ। विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव राकेश वर्मा, विशिष्ट अतिथि, मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी गोविन्द पारीक और पूर्व जनसम्पर्क आयुक्त सुनील शर्मा तथा वरिष्ठ पत्रकार महेश शर्मा थे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा ने की। यह अवसर साहित्य और सृजनधर्मिता के उत्सव की तरह सजीव हो उठा, जहाँ जनसम्पर्क, पत्रकारिता और साहित्य जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियाँ शामिल हुईं।

पुस्तक पर अपने विचार रखते हुए अतिथि वक्ताओं ने कहा कि यह कृति न केवल संवेदनशील अभिव्यक्तियों का संकलन है, बल्कि इसमें जीवन के गहरे अनुभवों की झलक मिलती है। साथ ही मनुष्य को बेहतर मनुष्य बनाने को प्रेरित करती हैं। वक्ताओं ने लेखिका के रचनात्मक और प्रेरणादायक कार्य की सराहना करते हुए कहा, यह कृति केवल एक जीवनी नहीं है, बल्कि एक दृष्टि और एक दर्शन है। उन्होंने कहा जीवन हमें यह सिखाता है कि जनसम्पर्क केवल पुस्तकों तक सीमित ज्ञान नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला है। जनसंपर्क ऐसी प्रक्रिया है, जो सम्पूर्ण सत्य एवं ज्ञान पर आधारित सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए की जाती हैं। अतिथियों ने पुस्तक लेखक अलका सक्सेना को बधाई देते हुए कहा, यह पुस्तक न केवल ज्ञानवर्धक है,बल्कि हमें सोचने के लिए प्रेरित करती है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राकेश वर्मा ने जनसम्पर्क निदेशक के अपने कार्यकाल के दिनों को याद करते हुए कहा जन संपर्क विभाग एक ऐसा विभाग है जो सरकार की छवि निखारने के साथ उसे एक नई ऊर्जा और शक्ति प्रदान करता है। इस विभाग में काम करना निश्चय ही एक ऑपर्चुनिटी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पुस्तक पाठकों के लिए रुचिकर होगी। उन्होंने लेखिका की लेखनी को प्रेरणास्पद बताया। जनसम्पर्क विभाग के पूर्व आयुक्त सुनील शर्मा ने पुस्तक को शुद्ध लेखन की संज्ञा दी। उन्होंने कहा अलका सक्सेना का अंग्रेजी और हिंदी पर समानाधिकार था। मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी गोविन्द पारीक ने जनसम्पर्क के कार्यों को चुनौतीपूर्ण बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा ने जनसम्पर्क विभाग से पत्रकारों के संबंधों की चर्चा करते हुए कहा लेखिका ने बेबाकी के साथ अपने जनसम्पर्क के अनुभवों को साझा करते हुए अपने मन की बात लिखी है।

# तेज रफ्तार बुलेट अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में घुसी

**जयपुर।** हरियाणा से जयपुर मिलने आए दोस्त को बस तक छोड़ने जा रहे बुलेट सवार तीन दोस्तों की मोटरसाईकिल सड़क किनारे खड़े ट्रक जा घुसी। इस हादसे में दो दोस्तों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर दुर्घटना थाना वेस्ट पुलिस मौके पर पहुंची और दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। वहीं घायल का उपचार जारी है। पुलिस ने सड़क किनारे खड़े ट्रक को जब्त कर चालक की तलाश शुरु कर दी है।

एएसआई अमर सिंह ने बताया कि करधनी थाना इलाके में कालवाड़ पुलिया एक्सप्रेस हाईवे पर तेज रफ्तार बुलेट अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से आ कर घुस गई। इस हादसे में सूरत गंगानगर निवासी मोक्ष विश्नोई (21) और करणसर बीकानेर निवासी विजयपाल चौधरी (23) की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में शेखर विश्नोई (21) सिरसा हरियाणा निवासी गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को कांवटिया अस्पताल भिजवाया। जहां पर शेखर विश्नोई का उपचार जारी है।

# श्री श्याम गौ-सेवा समिति ने केले का किया वितरण

- देवउठनी एकादशी पर श्री खाटू श्याम मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी
- जय श्री श्याम के जयकारों के साथ हुआ केलों का वितरण


देवउठनी एकादशी पर श्री श्याम गौ-सेवा समिति के तत्वावधान में श्रद्धालुओं को केलों का वितरण किया किया गया।

**जयपुर।** भगवान विष्णु के चीर निद्रा में जागने के बाद जहां प्रदेश भर में देवउठनी एकादशी भक्तिभाव से मनाई गई। वहीं श्री श्याम गौ-सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को मुहाना मंडी रोड, वृंदावन धाम ,विजय पर श्री श्याम खाटू श्याम मंदिर के बाहर श्रीश्याम के जयकरों के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं को केलों का वितरण किया किया गया।

समिति के अध्यक्ष नरेंद्र टेलर ने बताया कि हर साल की भांति इस बार भी देव उठनी एकादशी के पावन पर्व पर श्री खाटू श्याम मंदिर के बाहर प्रात 9 बजे पांच सौ किलों केले का वितरण किया गया। जिसमें मंदिर परिसर के बाहर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाबा श्री श्याम के जयकारों के साथ प्रसादी ठाहण की। इस कार्यक्रम में समिति के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। समिति के उपाध्यक्ष राम चंद्र चौधरी ने बताया कि केला वितरण कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो , इसके दो लिए दो अलग -अलग लाइन लगाई गई । श्रद्धालुओं को लाइन में लगा कर प्रसादी का वितरण किया गया।देव उठनी एकादशी के पावन पर्व पर केले का वितरण करने के लिए श्री श्याम गौ सेवा समिति के अशोक प्रजापत,सुरेंद्र बैरवा,संजय कुमार मीणा,हनुमान सहाय लुगरिया,विष्णु शर्मा, सुनील कुमावत, गणेश नारायण, किशोर लाल,अरुण शर्मा ,रामफूल, कन्हेया लाल, भंवर लाल बैरवा, कन्हेया लाल शर्मा अरविंद टेलर सहित करीब दौ दर्जन से अधिक गौ सेवक सहित अन्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर गौ सेवा प्रभारी हनुमान सहाय लुगरिया ने बताया कि हर माह की भांति इस बार अमावस्या तिथि 20 नवंबर को जय मां दुर्गा गौशाला हरसुलिया , में गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।